खुलासा माधवनगर गेट के सामने स्थित जीवन ज्योति हॉस्पिटल के पास स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट के एटीएम को चोरी कर भागे थे बदमाश, एक आरोपी गिरफ्तार, पांच फरार

मेरठ की गैंग ने की थी 11 लाख 35 हजार रूपए से भरे एटीएम की चोरी

नवभारत, कटनी। माधवनगर थाना क्षेत्र के माधवनगर गेट के सामने जीवन ज्योति हॉस्पिटल के पास स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एक एटीएम मशीन को चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी उत्तरप्रदेश के मेरठ जिले के भावनगर थाना अंतर्गत औरंगाबाद रसूलपुर काली नदी के किनारे का रहने वाला आरिफ उर्फ बाटू पिता मोमीन खान (35) है। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि आरोपी ने अपने साथियों और रिश्तेदारों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। जिन आरोपियों के साथ वारदात को अंजाम दिया गया गया है उनमें उत्तरप्रदेश के सहारनपुर निवासी इंतजार उर्फ काला मलाहा, मेरठ निवासी मोहम्मद यामीन सहारनपुर निवासी ईनाम, एहसान का नाम शामिल है। आरोपियों की तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सड़क किनारे या हाईवे किनारे स्थित एटीएम मशीन को निशाना बनाते थे, एटीएम चोरी करने के पहले आरोपी घटना स्थल के आसपास क्षेत्र से ही पिकअप वाहन चोरी करते थे, उसी पिकअप वाहन से रस्से की मदद से एटीएम मशीन को बंध कर खीच देते थे जिससे एटीएम उखड़ जाता था। जिसे पिकअप वाहन में लोड करते थे बाद पिकअप वाहन को घटना स्थल के आसपास छोड़ कर भाग जाते थे। आरोपियों व्दारा थाना कुठला क्षेत्र से पिकअप वाहन चोरी किया गया था उसी पिकअप वाहन से बैंक

आफ महाराष्ट्र का एटीएम रस्से से बांधकर खीचकर उखाड़ दिया था और पिकअप में लोड कर हाईवे की ओर जंगल में छिपा दिया था। आरोपियों ने एटीएम मशीन तोड़कर लगभग 11 लाख 35 हजार रूपए निकाल लिए थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने जिला गुना, जिला जबलपुर में एटीएम मशीन उखाड़ने का प्रयास किया, लेकिन मशीन नहीं ले जा पाए थे। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी से एटीएम मशीन और एक मारूति कार बरामद की है। सभी आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश और हरियाणा के जिलों में चोरी, लूट, हत्या और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस ने बताया जबलपुर जोन के पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चिसिया के मार्गदर्शन में की गई है। कार्रवाई में माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे, एसआई सिध्दार्थ राय, एसआई योगेश मिश्रा, एसआई नवीन नामदेव, एसआई महेंद्र जायसवाल, एसआई दीपू कुशवाह, एसआई रुपेंद्र सिह राजपूत, सायबर सैल आरक्षक अमित, चंदन, सत्येंद्र, शुभम, अजय, सीसीटीव्ही कंट्रोल रुम आरक्षक देवराज, पुष्पेंद्र यादव, एएसआई अंजनी मिश्रा, प्रधान आरक्षक अविनाश मिश्रा, आरक्षक अनूप सिंह, संजय सिह, सुभाष, लोकेन्द्र सिंह, उमाकांत तिवारी, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह की भूमिका रही।

पुलिस ने बताया कि वैदिक सिटी निवासी बैंक ऑफ महाराष्ट्र बरगवां ब्रांच मैनेजर राहुल मिश्रा ने माधवनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि पांच दिसंबर की शाम करीब सात बजे वे और उनका स्टाफ बैंक को बंद करके अपने घर निकल चल गया था। बैंक के बगल से ही इसी ब्रांच का एटीएम भी है जो 24 घंटे खुला रहता है। 6 दिसंबर की रात करीब दो बजकर 26 मिनट पर सीसीटीव्ही सर्विलांस कंट्रोल टीम हैदराबाद से फोन आया कि आपके शाखा में लगे एटीएम मशीन वाले कमरे में कुछ लोगो व्दारा घुसकर चोरी की घटना की गई है। इसके बाद वे अपने घर वैदिक हाईट्स से तत्काल एटीएम के पास पहुंचा तो देखा कि मेरे ब्रांच की एटीएम मशीन को कमरे से बाहर निकालकर कांच की फ्रेम हटाकर अज्ञात चोरो व्दारा चोरी करके ले जाया गया है। वहां पर लगे अधिकांश कैमरों में काले रंग का स्प्रे लगा दिया गया है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र की एटीएम मशीन जिसे अज्ञात चोरो व्दारा चोरी करके ले जाया गया है उसमें करीब 11 लाख 35 हजार रूपए रखे हुए थे। पुलिस ने इसी शिकायत के आधार पर एटीएम चोरी करने का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर गई। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, अन्य आरोपियों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों में दबिश दी जा रही है।

एक नजर में

खेत में करंट लगने से किसान की मौत

नवभारत,कटनी। रीठी थाना अंतर्गत मुहास गांव के एक खेत में करंट की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि मुहास गांव निवासी वीरन उर्फ बल्लू (45) गुरूवार सुबह अपने खेत में पानी दे रहे थे। सिंचाई के लिए उपयोग किए जा रहे मोटर-पंप में अचानक बिजली का करंट आ गया, जिसकी चपेट में आने से वे गंभीर रूप से झुलस गए। खेत के पास मौजूद अन्य किसानों ने उन्हें रीठी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मृतक किसान के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

आज रवाना होगी मुख्यमंत्री तीथदर्शन यात्री ट्रेन

नवभारत,कटनी। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत श्री द्वारका-सोमनाथ तीर्थ हेतु कटनी साउथ जंक्शन रेल्वे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन 12 दिसंबर को शाम साढ़े सात बजे रवाना होगी। इस तीर्थ यात्रा स्पेशल ट्रेन में कटनी जिले से 250 तीर्थ यात्री द्वारका-सोमनाथ के लिए शामिल होगें। यह यात्रा 18 दिसंबर तक प्रस्तावित है। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, समस्त नगर परिषदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को चयनित यात्रियों की सूची को कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करते हुए सभी तीर्थयात्रियों को सूचित करने के निर्देश दिए हैं। निर्देश में कहा गया है कि निर्धारित स्थान पर सकुशल पहुंचने की समुचित व्यवस्था करने के लिए अलग से अधिकारी और कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए। साथ ही संबंधित अधिकारी और कर्मचारी सभी चयनित यात्रियों को निर्धारित रेलवे स्टेशन पर यात्रा के तीन घंटे पूर्व सुरक्षित साधन से पहुंचाएं। सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि यात्रा ट्रेन में उनके निकास के सभी यात्री ट्रेन में सुरक्षित अपने स्थान में बैठ गए हों। संबंधित अधिकारी-कर्मचारी यह भी ध्यान रखे कि चयनित यात्रियों के साथ कोई छोटा बच्चा यात्रा में नहीं हो। सभी चयनित यात्रियों को अपने साथ आवश्यक दस्तावेज भी लाएं।

बाघ के हमले से गंभीर रूप से जख्मी हुई महिला

जिला अस्पताल में किया जा रहा है महिला का इलाज

नवभारत, कटनी। बरही के ताली रोहनिया गांव में ग्रामीण अशोक बर्मन की पत्नी पर बाघ ने हमला कर दिया। बाघ के हमले से महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक संजय पाठक ने बरही अस्पताल सहित जिला अस्पताल में डॉक्टरों से बात करते समुचित इलाज करने के निर्देश दिए। साथ ही घटना को लेकर वन अधिकारियों से चर्चा की है। जख्मी महिला को पहले बरही अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर उसके बाद उसे जिला अस्पताल में रेफर कर दिया है, जहां उसका इलाज किया जा रहा

है। विधायक ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से तात्कालिक आर्थिक सहायता भी पीड़ित का उपलब्ध कराई है। विधायक ने इस घटना को लेकर वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से भी संवाद कर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और टाइगर मूवमेंट पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। घटना के बाद से ही स्थानीय प्रशासन और वन विभाग की टीमें घटना स्थल के आसपास मॉनिटरिंग में जुट गई हैं। गांव के लोग घटनास्थल के आसपास भयभीत हैं और क्षेत्र में वन्यजीवों की बढ़ती गतिविधियों को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। इस घटना के बाद विधायक ने ग्रामीणों की चिंता से वन विभाग के आला अधिकारियों को अवगत कराते हुए ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा। ग्रामीण को भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

सड़क निर्माण होने से ग्रामीणों को मिलेगी आवागमन की बेहतर सुविधा

बरमारी के आश्रित गांव बिरहुली कराया जा रहा है निर्माण कार्य

नवभारत, कटनी। बरही तहसील के ग्राम पंचायत बरमानी से आश्रित ग्राम बिरहुली तक आज़ादी के बाद पहली बार बन रही लगभग दो करोड़ की लागत वाली सीसी सड़क को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की वास्तविक गुणवत्ता, पुरानी समस्याओं और निर्माण प्रक्रिया की पूरी तरह से पारदर्शी है। मूल मुद्दा यह है कि यह सड़क निर्माण होना ग्रामीणों के नजरिए से बेहद जरूरी था जिस पर सार्थक पहल विधायक संजय पाठक द्वारा की गई है। सड़क निर्माण से लोगों की आवागमन की बरसों पुरानी समस्याओं समाधान हो रहा है जिससे कतिपय विपक्षी लोग इसे बेतुके विवाद में घसीट रहे हैं। ऐसे विघ्नसंतोषी लोगों को दरअसल विकास हजम नहीं हो रहा है लिहाजा इस मामले में बिना ग्रमीणों का पक्ष जाने वह उल जुलूल भ्रामक खबरों को फैला रहे हैं। ग्रामीण रामचरण गौड, देवराज सिंह गौड, रामपाल गौड, उदयभान सिंह गौड, अतुल गौड, प्रेमलाल यादव, किशोरी यादव, रामू सिंह का कहना है कि सड़क का निर्माण ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा एकल टेंडर के बजाय छोटे-छोटे वर्क ऑर्डर से कराया जा रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि विभाग द्वारा तीन बार टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई, लेकिन दो बार कोई भी ठेकेदार बोली लगाने नहीं आया। तीसरी बार जो टेंडर प्राप्त हुआ, उसमें बिलों रेट के मुताबिक लगभग 1.50 करोड़ की बोली लगाई गई थी इस स्थिति में दो करोड़ की स्वीकृत राशि वाले कार्य को करीब एक करोड़ रुपए में पूरा कराना पड़ता, जिस पर ग्रामीणों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने गंभीर आपत्ति जताई थी ग्रामीणों की इसी आपत्ति के बाद विधायक संजय पाठक ने भी इस पर कहा था कि दो करोड़ का काम आधे पैसे में कैसे गुणवत्ता से होगा। विधायक ने कहा था कि सड़क आज़ादी के बाद पहली बार बन रही है, और वह भी आदिवासी और पिछड़ा वर्ग, कृषक बाहुल्य क्षेत्र में यह सड़क पचास साल चलने लायक होनी चाहिए, लिहाजा आधे बजट में गुणवत्ता कैसे सुनिश्चित होगी इसी कारण ठेका लेने वाली कंपनी ने विभाग से अनुबंध नहीं किया और निर्माण कार्य ठप हो गया। जिसे पूरा कराया जाना जरूरी था। टेंडर प्रक्रिया बार-बार विफल होने और ग्रामीणों के लगातार आग्रह के बाद विभाग ने छोटे-छोटे वर्क ऑर्डर के जरिए निर्माण कार्य शुरू कराया। विभागीय सूत्रों के अनुसार यह विधि नियम विरुद्ध नहीं है। ऐसा तरीका पूर्व में भी कई ग्रामीण सड़क प्रोजेक्ट्स में अपनाया गया है, और उसी तर्ज पर यह सड़क भी बनाई जा रही है। यह मार्ग बांधवगढ़ क्षेत्र से जुड़े इलाकों से भी जुड़ता है। इसलिए विभाग का मानना है कि कच्चे रास्ते के स्थान पर पक्की और मजबूत सीसी रोड बनना न सिर्फ स्थानीय लोगों बल्कि आसपास आने वाले पर्यटकों के लिए भी लाभदायक होगा। निर्माण अंतिम चरण में पहुंचा गया है।

कथा स्थल में उपलब्ध रहे पेयजल और प्रकाश व्यवस्था, कराएं सफाई

महापौर ने किया कथा स्थल का निरीक्षण, दिए निर्देश

नवभारत, कटनी। नगर में आगामी 31 जनवरी से 7 फरवरी तक विवेकानंद वार्ड स्थित रंगनाथ मंदिर परिसर के पास आयोजित होने वाली सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा की तैयारियां लगातार की जा रही हैं। कथा वाचक इंद्रेश उपाध्याय द्वारा सात दिवस श्रीमद्भागवत कथा का अमृतमयी वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी

ने पार्षद साथियों के साथ कथा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आश्वासन दिया है कि श्रीमद्भागवत कथा को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता, प्रकाश की समुचित व्यवस्था और पूरे स्थल की साफ-सफाई कराई जाएगी। महापौर ने कहा कि कथा में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो, ये जिम्मेदारी नगर निगम की है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं सफाई कार्य में सहभागिता करते हुए श्रमदान भी किया, जिससे कार्यरत कर्मचारियों का उत्साह भी बढ़ा। निरीक्षण के बाद महापौर विवेकानंद वार्ड के लखेरा स्थित बड़ी खेर माता मंदिर में आयोजित पारंपरिक चंडी मेला स्थल में पहुंची। उन्होंने मेले का जायजा लेते हुए वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर चंडी देवी की प्रतिमा के दर्शन कर नगरवासियों की सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। मेले में छोटे-छोटे स्थानीय व्यापारी अपनी दुकानों के साथ उपस्थित रहे। महापौर ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से आस्था को बल मिलता है।

रैन बसेरा में रूकें जरूरतमंद, अलाव जलाकर ठंडे से बचे

नगर निगम उपलब्ध करा रहा है नि: शुल्क व्यवस्था

नवभारत, कटनी। शीतलहर के मद्देनजर जरूरतमंदों को ठंड बचाने लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा रैन बसेरा वाहन सेवा के साथ ही अलाव व्यवस्था भी लगातार की जा रही है।

नगर निगम की टीम द्वारा शहर के मुख्य मार्गों, रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल, उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर, बस स्टैंड सहित नगर के अन्य सार्वजनिक स्थानों पर

भ्रमण कर जरूरतमंदों को रेन बसेरा तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

इसके साथ ही शहर के प्रमुख चौराहों, भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर अलाव जलाने के लिए लकड़ियां उपलब्ध कराई जा रही है। जिला अस्पताल परिसर, रेलवे स्टेशन तिराहा, स्टेशन रोड पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास, कटाएघाट मोड, बस स्टैंड, रैन बसेरा के जलाऊ लकड़ी दी जा रही है, ताकि ठंड से बचने के लिए अलाव जलाया जा सके।

कलेक्टर ने किया ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

नवभारत, कटनी। जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने मासिक निरीक्षण के तहत ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों और निर्वाचन शाखा के अधिकारी, कर्मचारियों की मौजूदगी रही। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यों का जायजा लिया। संधारित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे

सीसीटीव्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईवीएम मशीनों के सही रख-रखाव का भी अवलोकन किया। इस दौरान भाजपा से कमल असरानी, कांग्रेस पार्टी के शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, बहुजन समाज पार्टी से जिलाध्यक्ष डीसी राम, जिला प्रभारी धनीराम चौधरी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, सहित अन्य की मौजूदगी रही।

एक लाख से अधिक की शराब और महुआ लाहन जब्त, 9 मामले दर्ज

आबकारी विभाग की टीम ने चलाया अभियान

नवभारत, कटनी। शराब के अवैध निर्माण, परिवहन, विक्रय और भंडारण के खिलाफ आबकारी विभाग टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई के दौरान आबकारी की टीम ने दबिश देकर लगभग एक लाख 18 हजार रूपए का महुआ लाहन और शराब जब्त की है।

इस मामले में 9 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। आबकारी जिला अधिकारी विभा मरकार ने बताया कि कलेक्टर आशीष तिवारी के

निर्देश पर शराब के अवैध निर्माण, परिवहन, विक्रय और भंडारण के खिलाफ विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। दबिश कार्रवाई के दौरान 8 लीटर हाथ भट्टी शराब, नदी किनारे प्लास्टिक के गुम्मो में लगभग 1170 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त शराब और महुआ लाहन की अनुमानित कीमत 1 लाख 18 हज़ार 200 रुपए है। जब्त महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष महुआ लाहन मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस कार्रवाई में आबकारी एक्ट के तहत 9 मामले दर्ज किए गए हैं।

कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशा राम उइके, प्रवीण रतन बरकड़े, प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक केशव उइके, प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार सहित आबकारी स्टाफ की भूमिका रही है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में शराब के अवैध निर्माण, परिवहन, विक्रय और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

निरीक्षण नगर निगम आयुक्त ने किया साधूराम, ए रविन्द्रराव स्कूल का निरीक्षण, निर्माण कार्यों और शैक्षणिक व्यवस्था की ली जानकारी

निर्धारित ड्राइंग डिजाईन के अनुसार गुणवत्ता को ध्यान रखकर समय पर पूरा कराएं निर्माण

नवभारत, कटनी। शिक्षा के माध्यम से नौनिहालों का भविष्य संवारने के लिए नगर निगम प्रशासन के माध्यम से संचालित साधूराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और ए रविन्द्र राव गुलाबचंद स्कूल में अध्ययनरत छात्रों के पठन पाठन की सुविधाओं के विस्तार के लिए कराए जा रहे विकास कार्यो का नगर निगम आयुक्त आईएएस तपस्या परिहार ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। निगमायुक्त ने साधूराम उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर का निरीक्षण के दौरान परिसर में कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यो का जायजा लिया। निरीक्षण के

दौरान साधूराम स्कूल के पीछे कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों भवन मरम्मत सहित अन्य कार्य का जायजा लेते हुए गुणवत्ता को निर्धारित मानक अनुरूप रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त द्वारा ए रविन्द्र राव उच्चतर माध्यमिक शाला में निर्माणाधीन नवीन भवन का स्थल, ड्राइंग डिजाईन का निरीक्षण कर निर्धारित ड्राइंग डिजाईन के अनुरूप ही समस्त निर्माण कार्यो को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता से कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने हिदायत देते हुए कहा कि छात्र-छात्रों के पठन पाठन की सुविधाओं में विस्तार के लिए कराए जा रहे विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। शाला विकास कार्यों के निरीक्षण में पहुंचीं निगमायुक्त द्वारा क्लास में पहुंचकर छात्रों से संवाद कर स्कूल की सुविधाओं और पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। साथ छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए कहा। निगमायुक्त द्वारा सुचारू शिक्षा व्यवस्था के मद्देनजर छात्रों को स्मार्ट क्लास की सुविधा प्रदान करने के लिए एलईडी इंटर एक्टिव पैनल की सुविधा मुहैया करने, शाला कक्षों में आवश्यक विद्युतीकरण, रिपेयरिंग संबंधी कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। नगर के मुख्य स्टेशन रोड पहुंच मार्ग में सुचारू यातायात की व्यवस्था के चलते दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पास रोड डिवाइडर, सेंट्रल पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर सुगम यातायात व्यवस्था के लिए सेंट्रल पार्किंग बंद कराने, दुकानों के बाहर सामग्री रखकर व्यवसाय करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश अतिक्रमण विभाग को दिए। दिलबहार चौराहा के निरीक्षण के दौरान सम्राट होटल के सामने नगर निगम के शापिंग कांपलेक्स के बाहर खुली नाली पाए जाने पर सुरक्षा की दृष्टि से नाली को चीप से कव्हरिंग करने के निर्देश भी उपस्थित अधिकारियों को दिए गए हैं।

जिले में दो उर्वरक कपंनियों के उत्पाद पर प्रतिबंध

नवभारत, कटनी। किसानों को गुणवत्ताविहीन उर्वरकों से बचाने और कृषि मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर दो उर्वरक निर्माता कंपनियों के सभी रासायनिक उत्पादों के भण्डारण और विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। किसान कल्याण कृषि विभाग के उप संचालक डॉ आरएन पटेल ने बताया कि झाबुआ जिले के मेघनगर स्थित मैसर्स त्रयंबकेश्वर एग्रो इण्डस्ट्रीज लिमिटेड एवं मैसर्स मोनी मिनरल्स एण्ड ग्राइन्डर्स कंपनियों की विनिर्माण इकाइयों ने उर्वरक नियंत्रण आदेशका उल्लंघन किया है। जिस पर दोनों कंपनियों के प्राधिकार पत्र निरस्त कर दिए गए। इन कंपनियों के विक्रय प्राधिकार पत्र निरस्त करने के बाद जिले में इन दोनों कंपनियों के सभी रासायनिक उत्पादों के भंडारण और विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। उत्पाद बेचने पर कार्रवाई की जाएगी।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेटकी सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ.राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ.हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024